<u>**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)**</u>

<u>**सितंबर 2021 माह का सारांश**</u>

माह के मुख्य कार्यक्रम नीचे दिए गए हैं:

1) **संकल्प** (आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन तथा ज्ञान जागरूकता):

क. राष्ट्रीय महात्मा गांधी अध्येतावृत्ति (एमजीएनएफ) चरण-II कार्यक्रम के लिए चुने गए 661 उम्मीदवारों की सूची 17 सितंबर, 2021 को आईआईएम बैंगलोर द्वारा जारी की गई। प्रत्येक उम्मीदवार को आवंटित राज्य और आईआईएम के बारे में सूचित किया गया। वर्तमान प्रगति से प्रत्याशित है कि अध्येताओं को नवंबर 2021 के दूसरे सप्ताह तक जिलों में नियोजित किया जाएगा। जिलों में नियोजन से पूर्व, चुने गए अध्येता 2 सप्ताह की अवधि के अकादमिक माड्यूल 1 कक्षा सत्र हेतु अपने निर्धारित आईआईएम में शामिल होंगे।

ख. संकल्प के अंतर्गत राज्यों द्वारा कार्यान्वित विभिन्न क्रियाकलापों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए 07 सितंबर, 2021 को अपर सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में आंध्र प्रदेश, केरल, ओडिशा और तमिलनाडु राज्य के साथ वीडियो कान्फ्रेंस आयोजित की गई।

ग. विश्व बैंक द्वारा वित्त-वर्ष 2019-20 के लिए एनएसक्यूएफ के अनुरूप बाजार प्रासंगिक अल्पावधि कौशल विकास कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने वाले डीएलआई I - शिक्षुओं को लक्ष्य हासिल करने पर 4.82 मिलियन अमरीकी डॉलर संवितरित किए गए और प्रमाण-पत्र दिए गए।

घ. संकल्प के अंतर्गत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सात एजेंसियों को माह के दौरान 2.34 करोड़ रुपए की राशि की संस्वीकृति के आदेश जारी किए गए।

ङ. जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) में उत्कृष्टता पुरस्कारों के तहत, 01 सितंबर, 2021 को एमएसडीई के समन्वय से आईआईटी दिल्ली और आईआईटी खड़गपुर, दोनों के द्वारा गुणवत्ता जांच कार्यप्रणाली को अंतिम रूप दिया गया। वर्तमान में यह आईआईटी अंतिम गुणवत्ता जांच कार्यप्रणाली के आधार पर डीएसडीपी प्रस्तावों का मूल्यांकन कर रही हैं और अक्तूबर 2021 माह में अपने-अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करेंगी।

2) **राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी):** डॉ. निर्मलजीत सिंह कलसी, अध्यक्ष, एनसीवीईटी की अध्यक्षता में 30 सितंबर, 2021 को राष्ट्रीय कौशल अर्हता

समिति (एनएसक्यूसी) की 12वीं बैठक आयोजित की गई। समिति ने 57 अर्हताओं को अनुमोदित किया। इसके साथ, 4563 अर्हताओं को एनएसक्यूएफ के अनुरूप किया गया है।

3) **माह के दौरान प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा की गई पहलें:**

क) उद्योग सहयोग

i. आईटी, नेटवर्किंग और क्लाउड कम्प्यूटिंग पर आईबीएम एडवांस डिप्लोमा के संबंध में आईबीएम के साथ समीक्षा बैठकें की गईं।

ii. आईटी, नेटवर्किंग और क्लाउड कम्प्यूटिंग पर डीजीटी-आईबीएम एडवांस डिप्लोमा के तीसरे बैच की इंटर्नशिप 27 सितंबर, 2021 को शुरू हुई।

iii. प्रायोगिक परियोजना "व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण का एकीकरण (स्कूल और आईटीआई हब एंड स्पोक मॉडल के रूप में)" के लिए सीएसआर के तहत योगदान करने के लिए शीर्ष 40 उद्योगों को संबोधित एक अ.शा. पत्र महानिदेशक/अपर सचिव को प्रस्तुत किया जा रहा है।

ख) शिक्षुता प्रशिक्षण:

i. 28.09.2021 को सभी कौशल विकास और उद्यमशीलता क्षेत्रीय निदेशालयों (आरडीएसडीई) के साथ शिक्षुता मेला आयोजित करने संबंधी बैठक की गई।

ii. "शिक्षुता मेला" कार्यक्रम के लिए वेब एप्लिकेशन को डिजाइन, विकसित और परिनियोजित किया गया है।

iii. शिकायत मॉड्यूल के ''वॉक-थ्रू'' पर दिनांक 06.09.2021 को वीसी बैठक की गई।

ग) शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण स्कीम (सीटीआईएस)

i. 17/09/2021 को, क्षेत्रीय व्यापार पाठ्यक्रम समिति (एसटीसीसी) द्वारा तैयार किए गए चार नए सीआईटीएस ट्रेडों को माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री द्वारा शुरू किया गया है, जिन्हें एनएसटीआई में प्रारंभ किया जाएगा।

ii. सीआईटीएस सत्र 2021-22 के लिए उम्मीदवारों के प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटी) और सत्र 2020-21 के सीआईटीएस शिक्षुओं के लिए अखिल भारतीय व्यापार परीक्षा (एआईटीटी) - 2021 अक्टूबर के महीने में आयोजित करने का प्रस्ताव किया गया है।

iii. सितंबर 2021 में 1349 शिक्षुओं की उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) परीक्षा ली गई।

iv. **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग:** एनएसटीआई के 20 प्रशिक्षण अधिकारियों को जर्मन प्रशिक्षकों द्वारा ऑनलाइन मोड के माध्यम से 13.09.2021 से 17.09.2021 तक भारत-जर्मन

तकनीकी शिक्षा पहल (आईजीएनआईटीई) के अंतर्गत प्रशिक्षित (शिक्षाशास्त्र प्रशिक्षण) किया गया है।

घ) **पुरस्कार समारोह:** एआईटीटी- 2020 के स्टेट टॉपर्स को संबंधित आरडीएसडीई द्वारा भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करके सम्मानित किया गया है।

ङ) **औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव):** उद्योग क्लस्टर पहल के अंतर्गत, मदुरई ज्वैलरी कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड इंडस्ट्री क्लस्टर को त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पहली किस्त के रूप में निधि (40.00 लाख रुपए) जारी की गई थी।

च) **पोर्टल:**

i. एनसीवीईटी-एमआईएस पोर्टल: सितंबर 2021 में किए गए मुख्य क्रियाकलाप/ कार्यक्षमताएं प्रवेश पत्र (एचटी) कार्यक्षमता, डीएसटी के लिए अंक तालिका और प्रमाण-पत्र सृजन, प्रोफाइल संबंधी शिकायत, सुरक्षा बढ़ाने से संबंधित हैं।

ii. **भारतस्किल पोर्टल (https://bharatskills.gov.in):** सितंबर 2021 तक 32.58 लाख उपयोगकर्ताओं ने पोर्टल का उपयोग किया है। उपयोगकर्ताओं की संख्या में 4% की वृद्धि देखी गई है।

4) **आजादी का अमृत महोत्सव:**

क) दस ग्रामों में दस आरपीएल कैंप आयोजित किए गए और संकल्प के अंतर्गत ''आदर्श ग्राम कौशल कैंप (एजीएससी)'' के तहत अब तक 800 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है।

ख) आजादी का अमृत महोत्सव का डिजिटल प्रचार डीजीटी द्वारा किया गया। लिंक के साथ बैनर को डीजीटी (33 एनएसटीआई, 22 आरडीएसडीई और डीजीटी वेबसाइट) द्वारा संचालित सभी वेबसाइटों पर रखा गया है।

****